## खास-खबरें

### ओला वृष्टि क्षति का सर्वे शीघ्र करें, सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे एसडीएम-कलेक्टर

**विदिशा ( निप्र )।** कलेक्टर उमाशंकर भार्गव ने जिले की तहसीलो में अचानक हुई ओलावृष्टि से क्षति संबंधी सर्वे शीघ्र कराने के निर्देश सभी एसडीएम को दिए है। उन्होंने बताया कि जिले की जिन तहसीलो में अति वृष्टि, ओलावृष्टि हुई है उन क्षेत्रों के राजस्व अधिकारियों को सतत नजर रखने और वर्षा उपरांत सर्वे शीघ्र कराकर जिला कार्यालय को रिपोर्ट उपलब्ध कराने निर्देशित किया गया है। कलेक्टर श्री भार्गव ने बताया कि प्रारंभिक तौर पर ग्यारसपुर तहसील के तीन ग्रामो में ओलावृष्टि होने की सूचनाएं प्राप्त हुई है, जबकि अतिवृष्टि संबंधी सूचनाएं विदिशा, बासौदा, नटेरन, शमशाबाद तहसील के ग्रामो से प्राप्त हुई है। ग्यारसपुर एसडीएम मनोज कुमार उपाध्याय को जैसे ही अनुविभाग क्षेत्र के तीन ग्रामों लखूली, अमरपुर, जेतपुर में ओलावृष्टि की सूचनाएं प्राप्त हुई, उन्होंने अविलम्ब इन ग्रामो में पहुंचकर वस्तुस्थिति का अवलोकन किया। संबंधित ग्रामवासियों व किसानो ने एसडीएम को बताया कि चना आकार के ओला गिरे है।

### पाराशरी ब्रिज के पास मेन पाइपलाइन क्षतिग्रस्त

**गंजबासौदा।** नगर के व्यस्ततम मार्ग जय स्तंभ से पाराशरी ब्रिज के बीच अचानक ही अल सुवह जलप्रदाय की मेन लाइन डैमेज हो गई जिससे काफी तेज प्रेसर से पानी निकलना शुरू हो गया और वह आसपास के मकानों में काफी ऊंचाई तक पहुंच गया यह क्रम देर तक चलता रहा जिससे उस मार्ग का आवागमन प्रभावित हुआ यह कार्य सड़क चौड़ीकरण? और फुटपाथ का निर्माण सीमेंट कंक्रीट से चल रहा है और इसी क्रम में स्थिति बनी नगर पालिका ने सूचना मिलते ही तुरंत कारगर उपाय कर लीकेज ठीक किया।

### रोशनी का इंतजाम जरुरी है



**गंजबासौदा।** नगर से पूर्वी बस्ती में जाने के लिए रेलवे ने हरदू खेडी गेट पर अंडर ब्रिज बना दिया है जिससे पूर्वी बस्ती में जाने के लिए काफी सहूलियत हो गई है लेकिन ताजा स्थिति में जो देखने में आया और लोगों की मांग आई है वह यह कि अंडर ब्रिज में रात्रि के समय काफी अंधेरा रहता है और उसके प्रवेश द्वार पर शराबियों का जमघट लगा रहता है जिससे सामान्य नागरिकों को असुविधा होती है उचित होगा कि इस स्थान पर रोशनी के मुकम्मल इंतजाम कर दिए जावें।

# दस साल के अंदर एक ही सड़क को तीसरी बार बनाने की तैयारी, पार्षद ने की शिकायत

## सड़क निर्माण में डेढ़ करोड़ रु का फर्जीवाड़ा करने की तैयारी

**औबेदुल्लागंज।**

**नगर परिषद ने खेल मैदान, पार्क, मुक्तिधाम आदि जगह संवारने की बजाए सीसी सड़क के ऊपर दोबारा सीसी सड़क बनाने का कार्य शुरू कर दिया है। जिसमें अर्जुननगर में ही करीब डेढ़ से दो करोड़ रु खर्च करने की तैयारी नगर परिषद ने पूरी कर ली है।**

पार्षद भारती नरेश सेठी ने कलेक्टर को पत्र लिखकर कहा है कि अर्जुननगर में सीसी सड़क के ऊपर सीसी सड़क बनाई जा रही है और कई वार्डों में पक्की सड़कें ही नहीं है। अर्जुननगर के वार्ड-१०-११-१२ में दस साल पहले पूर्व अध्यक्ष तूफानसिंह राजपूत के कार्याकाल में मुख्य सड़क ३८ लाख रु की लागत में बनाई गई थी। इसके बाद पांच साल पहले पूर्व अध्यक्ष हरप्रीत कौर की परिषद ने इसके ऊपर सीसी सड़क बनाई। अब वर्तमान परिषद इस सड़क के ऊपर कायाकल्प योजना से ५३ लाख रु की लागत से तीसरी बार सीसी सड़क बनाने जा रही है। इसके लिए टेंडर प्रक्रिया भी पूरी हो चुकी है। उपयंत्री के अनुसार केवल ठेकेदार से अनुबंध होना शेष है।



अर्जुननगर में यह सड़क दस साल के अंदर तीसरी बार सीसी बनाई जाएगी।

**९२ लाख रु की निविदा निकली:** नगर परिषद ने एक अन्य निर्माण मामले में तीन दिन पहले अर्जुननगर में ही १०-११-१२ की विभिन्न सड़क बनाने के लिए कायाकल्प योजना के तहत निविदा जारी की है। इस निविदा में सड़क की लंबाई किसके घर से कहां तक होगी, इसको छिपा लिया गया है। भोपाल व बाहर के ठेकेदारों का कहना है कि नप ने गलत तरीके से निविदा निकाली है ताकि यह अपने मनपंसद ठेकेदार से काम कर सके। वहीं तीनों वार्ड की कई सड़के बिना टेंडर प्रक्रिया के पहले ही बन चुकी है।

**क्या संचालनालय भेजी गलत जानकारी:** नगर के एक पूर्व इंजीनियर ने बताया कि सीसी सड़क की उम्र करीब १५ साल होती है। इसके पहले दोबारा नहीं बना सकते हैं। वहीं तकनीकि स्वीकृति लेने के लिए सड़क पहले कब-कब बनी, इसकी पूरी जानकारी ईई को भेजनी पड़ती है। पूर्व इंजीनियर का कहना है कि नप ने गलत जानकारी ऊपर भेजी होगी, वहीं यदि जानकारी सही है तो फिर नप को टीएस कैसे दे दी गई। इसकी भी जांच होना चाहिए।

**बारिश में होगी परेशानी :** अर्जुननगर की लगभग सभी सड़क पांच साल पहले तक सीसी बन चुकी है। अब यदि नप दोबारा पुराने सीसी सड़क को उखाड़े बिना इसके ऊपर तीसरी बार सीसी सड़क बनाऐगी, तो लोग के मकान सीसी सड़क के काफी नीचे पहुंच जाऐंगे और थोड़ी ही देर की बारिश में लोगों को परेशानी होगी। जिसकी ओर तकनीकि विभाग का ध्यान नहीं है।

**इनका कहना है:**

सीसी सड़क के ऊपर सीसी सड़क कभी भी बनाई जा सकती है, यह सड़क की परिस्थिति के ऊपर निर्भर करती है। इससे पहले सड़क यहां कब बनी थी, यह नहीं पता। बारिश में लोगों को परेशानी नहीं होगी।

**मुकेश जैन,** सब-इंजीनियर

सड़क कहां बननी है, यह परिषद तय करती है। हम तो केवल उसका क्रियान्वयन करते हैं।

**सोनाली शर्मा,** सीएमओ

भोपाल से इंजीनियर भेजकर सड़कों की जांच करवा लेते हैं।

**राकेश रावत,** एसी, भोपाल

### किसानों के साथ खड़ी है सरकार, सर्वे कराकर देंगे सहायता:विधायक



**सीहोर।**

सीहोर विधानसभा क्षेत्र में तेज हवाओं के साथ हुई बारिश से कई जगह पर फसलें आड़ी हो गई हैं। फसलों का जायजा लेने के लिए बुधवार को विधायक सुदेश राय खेतों में पहुंचे। इस दौरान विधायक सुदेश राय ने कई गांवों के दर्जनों किसानों खेती प्रभावित फसलें देखीं। बेमौसम बारिश और ओलावृष्टि ने फसलों को नुकसान पहुंचाया है। चना और गेहूं की फसल बिछ गई है। किसानों ने मुआवजे की मांग की है।

विधायक सुदेश राय ने पीड़ित किसानों से कहा कि सरकार आपके साथ खड़ी है। उन्होंने प्रशासन को बेमौसम तेज हवाओं साथ बारिश व ओलों से प्रभावित हुई फसलों का सर्वे करने के आदेश दिए है। जिन किसानों का इस प्राकृतिक मार से नुकसान हुआ है उन्हें सर्वे कराकर सहायता दी जाएगी। विधायक श्री राय बुधवार को एक दर्जन से अधिक गांवों के किसानों के खेतों में पहुंचकर प्रभावित फसलों को निरीक्षण किया। श्यामपुर और उसके आसपास के क्षेत्रों में तेज बारिश के साथ जमकर ओलावृष्टि हुई है। जिसमें रबी सीजन की फसलों को आड़ा कर दिया है। किसानों को कल तक अपनी लहलहाती फसल देखकर सुकून मिल रहा था और कुछ ही दिनों में फसलों की कटाई शुरू होनी थी, लेकिन बेमौसम बारिश और ओला वृष्टि ने फसलों की तहस-नहस कर दिया है।

## श्रमजीवी पत्रकार संघ का संभागीय जिला सम्मेलन 2 मार्च को मंदसौर में

**मन्दसौर।**

मध्यप्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ का संभागीय व जिला सम्मेलन 2 मार्च शनिवार को मंदसौर के न्यू कलेक्ट्रेड रोड़ स्थित लायन्स डेन में होने जा रहा है। प्रातः 10.30 बजे से यह सम्मेलन प्रारंभ होगा जो कि दोपहर तक चलेगा जिसमें श्रमजीवी पत्रकार संघ के मध्यप्रदेश इकाई के प्रमुख पदाधिकारी, संभागीय पदाधिकारीगण एवं सदस्यगणों के साथ ही मंदसौर जिले की सभी ब्लाकों के सदस्यगण, जिला पदाधिकारी सहित प्रमुख पत्रकारगण शामिल होंगे।

इस संभागीय व जिला सम्मेलन में प्रदेश अध्यक्ष शलभ भदोरिया, पूर्व कार्य. अध्यक्ष शरद जोशी, कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष राजेन्द्र पुरोहित, संभागीय अध्यक्ष राजेन्द्र राठौर, उज्जैन महासचिव राजेन्द्र अग्रवाल उज्जैन सहित प्रदेश व संभाग के पदाधिकारीगण पधार रहे है। ये सभी प्रमुख पदाधिकारीगण संभाग व जिले के पत्रकारगणों को संबोधित करेंगे।

इस कार्यक्रम में अतिथि के रूप में म.प्र. शासन के उप मुख्यमंत्री श्री जगदीश देवड़ा, राज्यसभा सांसद श्री बंशीलाल गुर्जर, लोकसभा सांसद श्री सुधीर गुप्ता, विधायकगण श्री विपिन जैन मंदसौर, श्री चंदरसिंह सिसौदिया गरोठ, हरदीपसिंह सुवासरा, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती दुर्गा डॉ. विजय पाटीदार, नपाध्यक्ष श्रीमती रमादेवी गुर्जर, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य श्री अनिल कियावत, सकल जैन समाज अध्यक्ष श्री प्रदीप कीमती, शिक्षाविद व भाजपा नेता श्री विजय सुराना, नपा उपाध्यक्ष श्रीमती नम्रता प्रीतेश चावला, भाजपा नेता श्री सुरेन्द्र पाण्डेय दिल्ली पधार रहे है।

संभागीय कार्यकारी अध्यक्ष डॉ. प्रीतिपालसिंह राणा, जिलाध्यक्ष प्रकाश बंसल, जिला उपाध्यक्ष संजय भाटी ने उक्त आशय की जानकारी देते हुए मंदसौर जिले के श्रमजीवी पत्रकार संघ के समस्त सदस्यों से सम्मेलन में पधारने का आग्रह किया है।

### व्यापार महासंघ के भवन के लिए जगह मिली

**गंजबासौदा।** नगर पालिका ने व्यापार महासंघ के दफ्तर के लिए प्रस्तावित पत्रकार भवन के ऊपर जगह देने की स्वीकृति दे दी है। अब जिस समय पत्रकार भवन बनेगा उसी के ऊपर व्यापार महासंघ के लिए हॉल का निर्माण करवाया जाएगा। व्यापार महासंघ के अध्यक्ष मनोज डागा ने बताया कि कुछ दिन पूर्व व्यापार महासंघ के सदस्यों ने भवन के लिए नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती शशि यादव, सांसद प्रतिनिधि देवेंद्र यादव को ज्ञापन सौंपा था। उपरोक्त मांग पत्र पर विचार कर निर्णय लिया गया कि पत्रकार भवन के साथ ही व्यापार महासंघ कार्यालय के लिए जगह दिए जाने के लिए सहर्ष सहमति दे दी गई व्यापार महासंघ के सदस्यों ने नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती शशि यादव, सांसद प्रतिनिधि देवेंद्र यादव सहित परिषद का आभार माना है।

## नपाध्यक्ष राठौर ने सड़क मार्ग का भूमि पूजन क्षेत्रवासियों से कराया

**सीहोर।**

गत दिनों संत रविदास की जयंती पर सड़क निर्माण की मांग को लेकर स्थानीय पार्षद एवं जाटव समाज ने नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर से चर्चा की थी, वहीं बुधवार को नगर पालिका अध्यक्ष श्री राठौर शहर के वार्ड क्रमांक 11 पहुंचे और क्षेत्रवासियों से लाखों रुपए की लागत से बनाई जाने वाली सड़के के निर्माण कार्य का भी श्रीगणेश करते हुए कहा सड़क का निर्माण गुणवत्ता के साथ समय-सीमा के अंदर किया जाना चाहिए। इस सड़क निर्माण को लेकर वार्ड क्रमांक 11 के पार्षद लोकेन्द्र वर्मा ने काफी मेहनत की थी, उनके कार्यकाल में वार्ड में लाखों रुपए के विकास कार्य नपाध्यक्ष श्री राठौर के द्वारा कराए जा रहे है।



वार्ड क्रमांक 11 के पार्षद लोकेन्द्र वर्मा ने बताया कि बुधवार को नगर पालिका अध्यक्ष श्री राठौर द्वारा करीब साढ़े छह लाख की लागत से बनाई जाने वाले सड़क का भूमि पूजन क्षेत्रवासियों से कराया गया था। इसके अलावा जाटव समाज की ओर से सनी जाटव के नेतृत्व में प्रतिनिधि मंडल ने संत रविदास के मंदिर के समक्ष ही सामुदायिक भवन की मांग को लेकर भी एक ज्ञापन सौंपा है। इस मौके पर सनी जाटव, राहुल कचनारिया, रमेश जाटव, नारायण परिहार, रतन दीवान, नरेन्द्र बनभैया, शशांक दीवान, हेमंत जिगनी, मोनू जाटव, राकेश जाटव, मयंक कचनारिया, बबलू मैकेनिक, जितेतन, रोहित महोबिया, कपिल पुरवईया, उमेश मंगरोलिया, पार्षद सपना मालवीय, कमलेश राठौर, राहुल राय सहित अन्य क्षेत्रवासी और पार्षद मौजूद थे।

## मदिरा एकल समूह हेतु निविदा कार्यक्रम जारी

**विदिशा (निप्र)।**

जिला आबकारी अधिकारी विनय रंगशाही ने बताया कि जिले की 74 कम्पोजिट मदिरा दुकानो को सम्मिलित कर एक एकल मदिरा समूह व्हीडीएस/1 वर्ष 2024-25 की अवधि के लिए आबकारी नीति के प्रावधानो अनुसार निष्पादन ई टेण्डर के माध्यम से कलेक्टर की अध्यक्षता वाली जिला निष्पादन समिति द्वारा कलेक्टेऊट के सभागार में किया जाएगा।

वर्ष 2024 हेतु ई टेण्डर द्वारा मदिरा दुकान एक एकल समूह के निष्पादन हेतु जारी कार्यक्रम के अनुसार 4 मार्च को अपराह्न 2 बजे तक ई-टेण्डर हेतु ऑनलाइन टेण्डर प्रपत्र डाउनलोड एवं ई-टेण्डर आफर सबमिट किए जा सकेंगे। 4 मार्च की अपरान्ह 2.30 बजे से ई टेण्डर हेतु ऑन लाइन टेण्डर प्रपत्र खोलने की प्रक्रिया की जाएगी। टेण्डर खोलने की प्रक्रिया पूर्ण होने तक जिला समिति द्वारा ई टेण्डर के माध्यम से निराकरण किया जाएगा।

जिला आबकारी कार्यालय से विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती है। इच्छुक आवेदकों द्ववारा ई-टेण्डर के माध्यम से निष्पादन की प्रक्रिया की शर्तें एवं निर्बन्धन एनआईसी पोर्टल एवं मध्यप्रदेश आबकारी विभाग की साईट पोर्टल से डाउनलोड की जा सकती है। ई-टेण्डर से निष्पादन हेतु कोई भी पात्र व्यक्ति, फर्म, कम्पनी, कन्सॉर्टियम भाग ले सकेगा। ई-टेण्डर की कार्यवाही में जो व्यक्ति, फर्म, कम्पनी, कन्सॉर्टियम भाग लेना चाहे वे इस संबंध में उल्लेखित वर्णित प्रक्रिया, शर्तो एवं प्रतिबंधों के अन्तर्गत ई-टेण्डर के पोर्टल पर आवेदन-ऑफर दे सकते है।

### नेत्र परीक्षण शिविर में दो सौ पंजीयन हुए

**गंजबासौदा।** सेवा संघ ट्रस्ट आनंदपुर द्वारा स्वर्गीय श्री नारायण सदाशिव पिंगले सेवा संस्थान के सहयोग से शासकीय अस्पताल त्योंदा में नेत्र शिविर का आयोजन किया गया शिविर में कोई 204 नेत्ररोगियों का परीक्षण किया गया डॉ अनूप दुबे एवं समाजसेवी सुनील पिंगले नेडॉ स्वर्गीय रणछोड़ादास जी के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की एवं इस शिविर में 43 मरीजों को मोतियाबिंद चिन्हित किया गया 37लोगों को चश्मे के नंबर निकालने की सलाह दी गई 17लोगों को चश्मा प्रदान किए गए वहीं 107मरीजों को दवाइयां का वितरण भी किया गया।

## मिलावटखोरीः टोल फ्री नंबर 1800112100 पर कर सकते हैं शिकायत

**विदिशा ( निप्र )।** आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं नियंत्रक डॉ सुदाम खाड़े ने बताया कि मिलावट पर रोकथाम के लिए प्रदेश व्यापी अभियान चलाया जा रहा है। अभियान में जिला स्तर पर खाद्य सुरक्षा विभाग, खाद्य नागरिक आपूर्ति, नापतौल, पुलिस, राजस्व, दुग्ध संघ आदि विभागों की संयुक्त टीम बनाकर नियमित निरीक्षण एवं कार्यवाही के निर्देश दिए गए हैं। अभियान में संवेदनशील क्षेत्र का चिह्नांकन कर नियमित जांच और सर्विलेंस प्लान तैयार कर प्रभावी कार्यवाही की जाएगी। आयुक्त डॉ खाड़े ने आमजन से मिलावट के प्रति सतर्क रहने की अपील की है। उन्होंने कहा कि उपभोक्ता मिलावट की शिकायत टोल फ्री नंबर 1800112100 एवं सी.एम. हेल्पलाइन नंबर 181 पर कर सकते हैं ।

आयुक्त डॉ खाड़े ने बताया कि चलित खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला, मैजिक बॉक्स के माध्यम से स्कूल, कॉलेज के छात्र-छात्राओं को खाद्य पदार्थों में मिलावट की जांच करने संबंधी प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रत्येक विद्यालय में खाद्य सुरक्षा जागरूकता के लिए विद्यार्थियों का हेल्थ क्लब गठित किया जाएगा। आंगनवाड़ी केन्द्रों, स्कूलों के मध्याह्न भोजन खाद्य सामग्री की जाँच मैजिक बॉक्स, चलित खाद्य प्रयोगशालाओं के माध्यम से की जाएगी। अभियान में लायसेंस रजिस्ट्रेशन की जांच, मिलावटी खाद्य पदार्थ के निर्माण में लिप्त प्रतिष्ठानों पर जप्ती, सीलिंग की कार्यवाही की जाएगी।

चलित खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला से दूध, दुग्ध उत्पाद के नमूनों, खाद्य तेल एवं मसालों की अधिकतम जांच, समस्त क्षेत्रों विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों में जनजागरूकता कार्यक्रम किये जायेंगे। मिलेट आधारित भोजन के प्रोत्साहन तथा उपयोग को बढ़ावा दिये जाने के उद्देश्य से मिलेट मेले का आयोजन किया जाएगा।

### वोटर हेल्पलाइन नंबर जारी

**विदिशा ( निप्र )।** भारत निर्वाचन आयोग ने मतदाताओं की सुविधा के लिए वोटर हेल्पलाइन नंबर 1950 जारी किया है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती शशि मिश्रा ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के ऑनलाइन पोर्टल पर शिकायत दर्ज करा सकते हैं। कोई भी नागरिक किसी भी समय कोई भी प्रश्न निशुल्क पूछ सकता है या फिर शिकायत दर्ज कर सकता है।

**नकद इनाम की घोषणा :** पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शुक्ला ने थाना ग्यारसपुर में दर्ज अपराध के फरार अज्ञात आरोपी की सूचना देने वाले को चार हजार रू. की नकद राशि इनाम देने की उद्घोषणा की है।

## कुबरेश्वरधाम को नगरीय क्षेत्र में शामिल करने का विचार



**सीहोर।**

जनसंख्या बढ़ती जा रही है, नगर पालिका के पास आय के स्त्रोत समिति है और शहर के चहुमुखी विकास को देखते हुए नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने अपने कार्यकाल में आने वाले भविष्य को ध्यान में रखते हुए योजना बना रहे है। जिससे शहर का विकास किसी महानगर की तर्ज पर विकसित होगा।

बुधवार को नगर पालिका परिषद के सभाकक्ष में नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर की अध्यक्षता में साधारण सम्मेलन का आयोजन किया गया था। इस मौके पर विश्व में प्रसिद्ध इंटरनेशनल कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा का विश्व में प्रसिद्ध कुबेरेश्वरधाम को नगरीय क्षेत्र में शामिल करने के अलावा एक दर्जन से अधिक विषय पर चर्चा की गई। बैठक के दौरान नगर पालिका सीएमओ भूपेन्द्र दीक्षित के अलावा पार्षदों के अलावा नपा के अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे।

इस मौके पर प्रमुख रूप से सीहोर नगर में संचालित मांस-मटन की दुकानों को शहर से बाहर रफीक गंज के पास शिफ्ट करने और भूमि आवंटन की शासन से मांग करने पर विचार किया गया। इसके अलावा स्वास्थ्य शाखा अंतर्गत साफ-सफाई व्यवस्था के लिए 100 कर्मचारी को रखे जाने का प्रस्ताव शासन को स्तीकृति हेतु भेजे जाने आदि पर चर्चा की गई।

## कलेक्टर ने वीसी के माध्यम से अधिकारियों को दिए दिशा-निर्देश

**रायसेन।**

**प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 29 फरवरी को भोपाल में आयोजित प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम में वीसी के माध्यम से प्रदेश में 17551 करोड़ रू की विभिन्न विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया जाएगा।**



भोपाल के साथ ही प्रदेश के सभी जिलो में भी 29 फरवरी को कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसी क्रम में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित बैठक सह वीडियो कॉफ्रेंस में कलेक्टर श्री अरविंद दुबे ने जिले में 29 फरवरी को आयोजित होने वाले कार्यक्रमों के आयोजन हेतु की जा रही तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने विकासखण्ड, नगरीय निकाय और ग्राम स्तर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी लेते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित बैठक सह वीडियो कॉफ्रेंस में कलेक्टर श्री दुबे ने वीडियो कॉफ्रेंस के माध्यम से सभी एसडीएम, तहसीलदारों को गत दिवस हुई असामयिक वर्षा से प्रभावित ग्रामों में पहुंचकर खेतों का निरीक्षण कर रिपोर्ट भेजने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने एसडीएम से कहा कि पटवारियों तथा अन्य राजस्व अमले को भी अपने-अपने क्षेत्रों में खेतों का निरीक्षण कर फसलों का अवलोकन करने हेतु निर्देशित किया जाए। कलेक्टर श्री दुबे ने अधिकारियों से कहा कि खेतों के निरीक्षण के दौरान किसानों से भी चर्चा करते हुए जानकारी ली जाए। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला पंचायत सीईओ श्रीमती अंजू पवन भदौरिया, नवागत अपर कलेक्टर श्वेता पवार, एसडीएम श्री मुकेश सिंह सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। साथ ही वीडियो कॉफ्रेंस के माध्यम से अनुभागों से एसडीएम, तहसीलदार, जनपद सीईओ, सीएमओ सहित अन्य अधिकारी शामिल हुए।